संख्या–cm-115
07/03/2021

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 07 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा है कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। बिहार में महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। आज महिलायें आत्मविश्वास के साथ प्रदेश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्य में शराबबंदी से महिलायें अत्यधिक खुश हैं। राज्य में महिलाओं को सशक्त करने के लिये मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं जीविका जैसी कई अन्य योजनायें चलायी जा रही हैं। सात निश्चय– 1 में आरक्षित रोजगार महिलाओं का अधिकार के तहत सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देकर महिलाओं को सशक्त बनाया गया है, वहीं सात निश्चय–2 में सशक्त महिला, सक्षम महिला निश्चय के तहत महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु ठोस प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि सम्पूर्ण नारी जाति के उत्तरोत्तर विकास के प्रति हम सभी सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके।

******